25/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और उनसे अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा।

0000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज बताया कि कल दो विशेष उड़ानों के ज़रिए एक सौ तीरासी यात्री सुरक्षित अपने घर लौट आए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि श्रीनगर से मुंबई के लिए यात्रियों के लिए दो निःशुल्क उड़ानों की व्यवस्था की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अभी 232 से ज़्यादा नागरिकों को लेकर तीसरी उड़ान चल रही है, जो आज शाम मुंबई पहुँचेगी।

0000000000000000000

राज्य के ZPC, GPC और GPM जैसे पंचायती राज लीडर्स ने अधिकारियों और राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के संकाय के साथ त्रिभुवन सहकारी, गुजरात में ग्रामीण शासन और सहयोग पर 5 दिवसीय

प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि समृद्ध पाठ्यक्रम ग्रामीण शासन, सहकारी मॉडल और भागीदारी विकास के बारे में उनकी समझ को और मजबूत करेगा। श्री खांडू ने उन्हें समुदायों की सेवा करने के लिए अधिक दूरदर्शिता अपनाने साथ ही निरंतर सीखने और उनके प्रभावशाली नेतृत्व की कामना की।

0000000000000000000

राज्य स्वास्थ्य सेवा विभाग के नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीजस कंट्रोल द्वारा नाहरलागुन में डीएचएस कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में **“मलेरिया एंड्स वित अस: रीइंवेस्ट, रीइमेजिन, रीइग्नाइट”** थीम के साथ विश्व मलेरिया दिवस 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीवीबीडीसी के स्वास्थ्य सेवा उप निदेशक-सह-राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.टी. मुलुंग ने राज्य की मलेरिया उन्मूलन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए गर्व के साथ कहा कि, राज्य के 27 जिलों में से 16 जिलों को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया है। इसके साथ ही, मलेरिया पर जनजागरूक्ता को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईस्ट कामेंग जिला प्रशासन द्वारा सेपा में एक बाइक रैली को भी हरी झंडी दिखाई गई। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह भी जानकारी साझा की है कि, जिले में पिछले तीना वर्षों में मलेरिया के एक भी मामले दर्ज नहीं की गई है।

0000000000000000000

निरजुली में पुरोइक समुदाय ने आज के लिए 20वें केंद्रीय गुमकुम गुम्पा महोत्सव समारोह का आयोजन किया। उपायुक्त तालो पोतोम ने समारोह की शोभा बढ़ाते हुए पुरोइक समुदाय की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए स्थानीय प्रशासन के समर्थन और मान्यता को रेखांकित किया। इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी राज्य के लोगों और खासकर पुरोइक समुदाय को गुमकुम गुम्पा के पावन अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पुरोइक समुदाय अपनी अनूठी सांस्कृतिक विरासत एवं भावना के साथ हमारे राज्य की समृद्ध कला को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व राज्य वासियों के लिए नई उम्मीद, सद्भाव और खुशी लाए।

000000000000000

अरुणाचल आर्टिस्ट फोरम ने कल इटानगर में अपना 21वां स्थापना दिवस और आर्टिस्ट अवार्ड नाइट का आयोअजन किया। इस अवसर पर राज्य में मनोरंजन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में गायक लेट तालुत मिज़े, डॉ. टोनी कोयू और अन्य प्रमुख नाम शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए, आईपीआर सचिव न्याली एते ने एएएफ को अधिक संसाधनों के लिए सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान के साथ टाई-अप करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आईपीआर विभाग पर्यटन विभाग के साथ मिलकर राज्य में कलाकारों के लाभ के लिए नीतियां तैयार कर रहा है।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, लेपा रादा, सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, अंजाव और चांगलांग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारीश होने की संभवना है। वहीं ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, नामसाई और लोहित जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, विभाग के अनुसार इन जिलों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी, यिंगकियोंग और जेंगिंग शाखा ने अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, ईटानगर के सहयोग से आज जेंगिंग में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नए आपराधिक कानून, सुरक्षित इंटरनेट डे और महिला स्वास्थ्य पर मुख्य सत्र शामिल थे, जिन्हें रिसोर्स परसन, जिला पुलिस निरीक्षकों और एक APSCW सदस्य द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनी अधिकारों, डिजिटल सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण पर सेशन्स के माध्यम से स्थानीय समुदाय, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को सूचित और सशक्त बनाना था।